कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/दिशानिर्देश/2025–26 **दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर**

परीक्षा – अतिआवश्यक

1. प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त, राजस्थान ।

2. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त, राजस्थान।

विषय :– प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) व प्रारम्भिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) परीक्षा, 2026 के लिए विद्यालय द्वारा ऑनलाईन सत्रांक प्रविष्ठि की अंतिम तिथि में वृद्धि के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 13.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 2051138) एवं पूर्व पत्र 10.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 20456850) तथा दिनांक : 23.02.2026 (राजकाज. रेफ.नं. – 20696835) के संदर्भ में।

उपर्युक्त विषयांतर्गत एवं प्रसंगानुसार लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र (कक्षा–8) व प्रारम्भिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) परीक्षा, 2026 के लिए शालादर्पण पोर्टल पर विद्यालय लॉगिन से सत्रांक प्रविष्ठि का मॉड्यूल दिनांक : 12.02.2026 से प्रारंभ किया गया था। पोर्टल पर सत्रांक प्रविष्टि रिपोर्ट में अंतिम दिनांक : 06.03.2026 तक अनेक विद्यालयों द्वारा अभी भी सत्रांक प्रविष्टि कार्य पूर्ण किया जाना शेष है।

उक्त के क्रम में विद्यार्थी हित में सत्रांक प्रविष्टि मॉड्यूल की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए सत्रांक प्रविष्टि दिनांक : 10.03.2026 मंगलवार रात्रि 11:59 बजे तक की जाती है। अतः समस्त संस्थाप्रधान उक्त अंतिम तिथि तक अनिवार्यतः कक्षा–8 एवं कक्षा–5 हेतु समस्त विषयों की सत्रांक प्रविष्टि पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें, पोर्टल पर प्रविष्टि व विषयवार अंक विभाजन हेतु संदर्भित पत्रों का अवलोकन अवश्य कर लेवें। सत्रांक प्रविष्टि का कार्य उक्त अंतिम तिथि तक पूर्ण न किये जाने पर यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो पाता है तो समस्त जिम्मेदारी संबंधित संस्थाप्रधान की निर्धारित की जावेगी। अतः डाइट व सीबीईओ. कार्यालय अपने नियंत्रणाधीन समस्त संस्थाप्रधानों को उक्तानुसार अवगत करावें।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(शीशराम कुलहरि)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/दिशानिर्देश/2025–26 **दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. शिक्षा संकुल, जयपुर ।
3. उपनिदेशक शालदर्पण जयपुर एवं मा.शि./प्रा.शि. निदेशालय, बीकानेर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारीगण को आवश्यक प्रबोधन हेतु।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) मा.शि./प्रा.शि. को आवश्यक प्रबोधन हेतु।
7. समस्त पी.ई.ई.ओ./यूसीईईओ।
8. समस्त संस्थाप्रधान राजकीय/गैर राजकीय।
9. रक्षित पत्रावली ।

Signature Not Verified
Digitally Signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.03.07 18:12:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20919818